हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 श्याम नगरवासी नारकीय जीवन जीने को मंजूर...



10 छात्रावास की सुविधा से कामकाजी महिलाओं को रहने की मिलेगी....



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज मंत्री बेदी होंगे मुख्यअतिथि

**जींद।** नगराधीश डा. आशीष देशवाल ने बताया कि हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 21 जून को प्रातः छह बजे चौधरी रणबीर सिंह विवि में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सभी जिलावासियों से अनुरोध है कि वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### कैथलः मकान से 260 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** नशा मुक्त को जिला मुहिम तहत एंटी नारकोटिक सेल द्वारा कैथल शहर क्षेत्र से एक घर से 260 ग्राम अफीम बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई सिंह राज की अगुवाई में एएसआई प्रवीन कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान ड्रेन पुल चीका रोड़ के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली

### महिला की गला घोंटकर हत्या का आरोपित दबोचा

**जींद।** जुलाना में दस माह पहले महिला की गला घोंट कर हत्या के मामले में जुलाना थाना पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। कोर्ट ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दिल्ली निवासी प्रभा ने 15 सितंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी आरती बडवा सिवानी निवासी सुनील के साथ विवाहित थी।

### जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**कैथल।** भाजपा के जिला महामंत्री रामपाल राणा पर खेतों की जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगे हैं। मामले में पाडला निवासी रामपाल के ही छोटे भाई रणदीप ने आरोप लगाया कि रामपाल ने बाहर से कुछ लोगों को खेत में भेजा था, लेकिन समय रहते ही उन्हें जानकारी मिल गई। इसके बाद वह तुरंत परिवार व ग्रामीणों के साथ खेत में पहुंचा और पुलिस को डायल 112 पर इसकी सूचना दी।

### चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हैबतपुर निवासी शुभम ने गत सात जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह चंडीगढ़ में पढ़ता है। पांच जनवरी को उसके फोन पर अलग-अलग नंबरों से रितिक रेढू तथा अंशू बूरा ने धमकी दी थी।

### किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी काबू

**कलायत।** कलायत थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म प्रयास का मामला सामने आया है। परिजनों अनुसार किशोरी कुछ समय पहले आरोपी के घर कपड़ों की सिलाई सीखने जाती थी। वह कैंची लेने के लिए आरोपी के घर गई। मौके का फायदा उठाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया।

### दो पिस्तौल व दो कारतूस के साथ दो आरोपित काबू

**जींद।** जिला पुलिस ने दो युवकों को काबू कर कब्जे दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी हिसार रोड टोल प्लाजा पर जा रहे थे। उसी दौरान निजी स्कूल के निकट पुलिस गाड़ी को देख कर युवक स्कूल में तेजी से घुसने लगा।

### जमानती निकला फर्जी धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जींद।** डकैती, लूटपाट के आरोपित के फर्जी जमानती बनने तथा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर कोर्ट को गुमराह करने कोशिश का केस सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जज के रीडर की शिकायत पर व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### कार सवारों ने दो बाइक छीनी और तीसरी बाइक छीनकर फरार

# कार सवार युवकों ने शराब ठेकेदार को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

### पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया, नही लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरकरामजी में शुक्रवार शाम को कार सवार युवकों ने शराब ठेकेदार को गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर कार सवार युवक मौके से फरार हो गए। इस दौरान कार सवारों ने दो बाइकें भी छीनी और तीसरी बाइक छीन कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास क्षेत्र की नाकाबंदी कर सर्च अभियान चलाया लेकिन कार सवारों का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव खरकरामजी निवासी शराब ठेकेदार विरेंद्र (27) शुक्रवार शाम को गांव स्थित अपने शराब ठेके की तरफ जा रहा था। तभी कार सवार युवक उसके नजदीक आए और फायरिंग कर दी। गोलियां पेट तथा छाती में जा लगी। वारदात को अंजाम देकर कार सवार मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा पीछा किया जाने पर युवक कार छोड़ कर बाइकों से फरार हो गए। इस दौरान हमलावरों ने दो बाइकें भी छीनी और फिर तीसरी बाइक छीन कर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल ठेकेदार विरेंद्र को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया लेकिन बाइक सवारों का कोई सुराग नही लगा है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में शराब ठेकेदार को लेकर जाते। *फोटो :हरिभूमि*




**जींद।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन दोनों बहनें। *फोटो :हरिभूमि*

## दो सगी बहनों को मारी गोली, पीजीआई रेफर

- बड़ी बहन के देवर पर दोनों को गोलियां मारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कालवा में शुक्रवार शाम को दो सगी बहनों को गोली मार दी गई। जिसमें एक युवती के गले के आरपार हो गई। जबकि दूसरी के पेट में लगी है। दोनों की गंभीर हालात देखते पीजीआई रोहतक रेफर किया है। फायरिंग के आरोप दोनों घायल बहनों की बड़ी बहन के देवर पर लगे हैं। हमला क्यों हुआ, इसके पीछे क्या कारण रहे, इसका खुलासा नही हो पाया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। कालवा निवासी शीनू (26), उसकी बहन रीतू (23) शुक्रवार शाम को पिल्लूखेड़ा से घर जा रही थी। गांव में पहुंचते ही दोनों बहनों को गोली मार दी गई। जिसमें गोली शीनू के गले के आरपार हो गई। जबकि दूसरी गोली रीतू के पेट में मारी गई। दोनों बहनें खून से लथपथ हो कर गिर गई। राहगीरों ने दोनों बहनों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर हालात देखते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घायल रीतू ने बताया कि उसकी बहन आशा गांव पोपडा करनाल में विवाहित है। उसके देवर सुनील से दोनों बहनों को गोलियां मारी है। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सूचना पाकर सीआईए प्रभारी अस्पताल पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। फिलहाल खुलासा नही हो सका कि आखिर दोनों बहनों पर जानलेवा हमला के क्या कारण रहे।



**कैथल।** प्रदर्शन करते मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

## मजदूरों के अधिकार सुविधाएं बहाल करो

- मांगों को लेकर सचिवालय में किया प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मजदूरों के संगठन सीटू ने आज राज्य कमेटी के आह्वान पर न्यूनतम वेतन छब्बीस हजार रुपए लागू करने व चार लेबर कोड वापस लेने की मांगों को लेकर बसाऊ चंदाना की अध्यक्षता में एक सभा जिला सचिवालय में करके नायब तहसीलदार कैथल के माध्यम से ज्ञापन हरियाणा सरकार को भेजा। आज की सभा को सीटू नेताओं नरेश रोहेड़ा, सत्यवान कलायत, जयप्रकाश शास्त्री, मनजीत हाबड़ी, सुषमा जडौला तथा सर्व कर्मचारी संघ नेताओं ओमपाल भाल, जसबीर सिंह व जरनैल सिंह कठवाड ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मजदूरों के लिए 2015 से अब न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं हुए हैं , जबकि हर पांच सालों में न्यूनतम वेतन रिवाइज करना होता है। उन्होंने बताया कि दो हजार पंद्रह में हरियाणा व दिल्ली के न्यूनतम वेतन एक समान होते थे। दिल्ली के न्यूनतम वेतन दो हजार बीस में रिवाइज हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा में नही, जिससे हरियाणा सरकार का न्यूनतम वेतन छः सात हजार पीछे हो गया है। यह हरियाणा के मजदूरों के साथ भारी अन्याय है। मंहगाई लगातार बढ़ रही है व मजदूरों को अपने परिवारों का गुजारा करना मुश्किल हो रहा है , दूसरे, भारत सरकार द्वारा पुराने कर्मचारी मजदूर हितैषी श्रम कानूनों को बदलकर अब चार लेबर कोड़ों लागू करने जा रही है जो मजदूरों के लगभग सभी अधिकारों को छीन लेंगे। इनके लागू होने से मजदूरों को न्यूनतम वेतन नही मिल पाएगा।

## दूषित पानी की निकासी न होने से गांव जाखौलीवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव जाखौली कमान में सरकारी स्कूल के सोंगल मार्ग पर पानी की निकासी न होने से पानी मुख्य मार्ग पर ही भरा रहता है। जिससे सोंगल जाने वाले लोगों को वहां खड़ा होना भी मुश्किल होकर रह गया है। यह समस्या पिछले कई दिनों से बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रशासन से भी गुहार लगाई है कि यहां पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए। लेकिन पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही। जिससे वहां के दुकानदार व सोंगल जाने वाले लोगों को वहां खड़ा रहना भी मुश्किल हो जाता है। क्योंकि जब यहां से वाहन गुजरते हैं तो वहां खड़े लोगों पर गंदे पानी के छींटें पड़ने से उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। इससे सभी को बहुत परेशानी होती है। साथ ही दुकानदारों को भी मच्छरों की मार सहने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि यहां पानी निकासी की शीघ्र व्यवस्था की जाए और यहां से सड़क को ऊंचा उठाया जाए।



## ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर आठ लाख हड़पे

### दो लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज, वीजा तथा टिकट भी मिली फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आस्ट्रेलिया भेजने को झांसा देकर आठ लाख रुपये हडपने तथा राशि वापस लौटाने से मना करने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी राजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई अंकित अस्ट्रेलिया जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उनका संपर्क चंडीगढ़ निवासी परमजीत कौर तथा जीरकपुर निवासी गजेंद्र रावत से हुआ। बातचीत के लिए परमजीत कौर ने उसे चंडीगढ़ बुलाया। जिसमें अंकित को अस्ट्रेलिया भेजने के लिए 15 लाख रुपये की डिमांड की। जिस पर उसने एक लाख रुपये नगद तथा अंकित के दस्तावेज आरोपितों को दे दिए। अस्ट्रेलिया भेजने के लिए तीन महीने का आरोपितों ने समय मांगा। तीन माह के बाद परमजीत कौर ने फोन कर कहा कि अंकित का वीजा तथा टिकट आ चुकी है। सात लाख रुपये खाते में डलवाने के लिए कहा। जिस पर राशि को आरोपितों के खाते मे ट्रांसफर करवा दिया गया। जब उन्होंने वीजा तथा टिकटों की जांच करवाई तो वह फर्जी निकली। जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई तो आरोपितों ने दो माह बाद दुबई के रास्ते अस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। दो महीने बाद आरोपितों ने फोन कर दुबई का वीजा तथा टिकट आ कर ले जाने की बात कही। अंकित दुबई चला गया और वहां पर 15 दिन रहा। जहां पर कोई सुविधा नही थी। आरोपितों ने अंकित को अस्ट्रेलिया नही भेजा। जिस पर वह वापस गांव लौट आया।

**धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

आरोपितों ने गांव अलेवा आकर कहा कि वे उनके रुपये वापस लौटा देंगे। बावजूद इसके आरोपितों ने राशि को नही लौटाया। दबाव डालने पर आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। अलेवा थाना पुलिस ने राजीव की शिकायत पर परमजीत कौर तथा गजेंद्र रावत के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीआरएस विवि ने फिर बढ़ाई एडमिशन फार्म भरने की फीस

- बढ़ी फीस को वापस नही लिया तो एबीवीपी करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि जींद यूनिवर्सिटी ने इस साल एडमिशन लेने फॉर्म की फीस बढ़ा दी है। सामान्य वर्ग से आने वाले विद्यार्थियों की एक हजार से 1200 रुपये कर दी गई है।

बीसी वर्ग के आने छात्रों की एडमिशन प्रक्रिया फार्म की फीस 250 से 1200 कर दी गई है। एससी वर्ग के आने वालों विद्यार्थियों की 250 से 350 कर दी गई है। ठीक इस प्रकार एडिशनल 500 से 600 कर दी गई है। फॉर्म की फीस जोकि बिल्कुल गलत है। यूनिवर्सिटी प्रशासन का विद्यार्थियों को सस्ती शिक्षा देने का काम होता है। 2023 में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर रहे डा. रणपाल सिंह ने कुछ कोर्स के एडमिशन में एंट्रेंस कर दिया था। जिसके बाद यह जर्नल और बीसी वर्ग की स्टूडेंट की फीस 500 से एक हजार रुपये तक कर दी गई। एससी वर्ग की 125 रुपये से 250 रुपये कर दी गई लेकिन परीक्षा कुछ कोर्स में ही होती है। बाकी सभी में एडमिशन मेरिट सूची के अनुसार ही लगती है।

## बस यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

- कुरुक्षेत्र के डीसी ने परिवहन विभाग से 1900 रोडवेज बसों की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सभी जिलों से योग साधक भाग लेंगे। इसे लेकर कुरुक्षेत्र के डीसी ने परिवहन विभाग से 1900 रोडवेज बसों की मांग की थी। जिस पर विभाग ने डिपो वाइज 1285 बसें उपलब्ध करवाई हैं। इसलिए शनिवार को सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती हैं। परिवहन विभाग ने निदेशालय ने सभी रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर कहा है कि 21 जून को कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा सरकार आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से एक लाख योग साधक पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर विभिन्न जिलों से कुरुक्षेत्र योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाले योग साधकों को किसी तरह की परेशानी नहीं आए। इसके लिए डीसी कुरुक्षेत्र द्वारा 1900 बसों की मांग की गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने 1285 बसों को उपलब्ध करवाने के निर्देश सभी डिपो को दिए हैं। बसों को लेकर कुरुक्षेत्र रोडवेज महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन बसों के कुरुक्षेत्र चले जाने के बाद लोकल रूटों बसों की संख्या कम रह जाएगी।

**योग साधक बैठकर कुरुक्षेत्र जाएंगे**

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि जींद से 80 बसों को भेजने के निर्देश मुख्यालय से मिले थे, जो भेज दी हैं। यहां से योग साधक बैठकर कुरुक्षेत्र जाएंगे।



## जींद में कोरोना की एंट्री, 35 वर्षीय महिला मिली पॉजिटिव

- स्वास्थ्य विभाग ने महिला को किया होम आइसोलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आखिरकार जींद भी कोरोना की जद में आ गया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग को एक महिला कोरोना संक्रमित मिली है। जिस पर महिला को तुरंत प्रभाव से उसके घर ही आइसोलेट कर दिया है। महिला उपचार के लिए अस्पताल आई तो उसमें कोरोना जैसी बीमारी के लक्षण दिखाई दिए। जिस पर चिकित्सकों ने महिला का कोरोना टैस्ट किया तो वह कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जिस पर महिला को उपचार देकर घर पर ही आइसोलेट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग अब यह जानने का प्रयास कर रहा है कि महिला कहीं बाहर से तो नही आई है। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री तो नही है। इसकेअ अलावा अहतियात के तौर पर कोरोना पॉजिटिव महिला के परिजनों के भी सैंपल लिए गए हैं। शुक्रवार को शहर की एक कॉलोनी की रहने वाली 35 वर्षीय महिला सर्दी, खांसी जुखाम व बुखार की शिकायत को लेकर अस्पताल आई तो चिकित्सक ने कोरोना के संदिग्ध लक्षण को भांपते हुए उसका कोरोना का टैस्ट करवाया।

### आईटीआई में दाखिला को आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ी

# अब सताइस तक किए जा सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित को देखते हुए राजकीय आईटीआई में दाखिला हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 27 जून तक कर दिया गया है। बता दें कि इस पूर्व यह तिथि 20 जून तक थी। इस दौरान पोर्टल पर तकनीकी खाने के चलते कुछ विद्यार्थियों द्वारा फॉर्म पूरे नहीं किए गए थे। ऐसे में विद्यार्थियों के हित को देखते हुए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा दाखिले की अंतिम तिथि को 27 जून तक बढ़ाया गया है। विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर नजर डाली जाए तो इस बार प्रदेश के 372 सरकारी और प्राइवेट आईटीआई में दाखिले किया जा रहे हैं। पूर्व में जारी शेडयूल अनुसार 6 जून से लेकर 20 जून तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई थी। इस अवधि के दौरान शुक्रवार साइन 6:00 बजे तक 49732 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में सीट खाली रहने के चलते विभाग द्वारा दाखिला प्रक्रिया की तिथि को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही विभाग द्वारा काउंसलिंग की तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। ऐसे में अब जो विद्यार्थी फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे तो वह 27 जून तक फॉर्म भर सकते हैं। बता दे कि अब तक के हुए आवेदनों में पूरे प्रदेश में जहां राजकीय आईटीआई हिसार प्रथम स्थान पर रहा तो वहीं कैथल का राज का आईटीआई दूसरे स्थान पर रहा। कैथल के राज्य के आईटीआई में शुक्रवार तक करीब 1238 सीटों पर 6174 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**जुलाई में काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी**

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए विभाग द्वारा आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को 27 जून तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अभी तक दाखिला लेने से वंचित रहे। वे समय रहते आवेदन करें ताकि उन्हें दाखिला मिल सके। इसके बाद जुलाई माह में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

**ग्रामीण क्षेत्र के आईटीआई में आए कम आवेदन**

विभागीय जानकारों का कहना है कि अब तक हुए ऑनलाइन आवेदन में जहां जिला स्तरीय शहरी क्षेत्र के राजकीय आईटीआई के लिए भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र तथा प्राइवेट आईटीआई में अभी तक प्राप्त सीटों के अनुसार 30% आवेदन की प्राप्त हुए हैं। ऐसे में आवेदन कमाने के चलते विभाग द्वारा दाखिला तिथि में संशोधन किया गया है।

## बर्खास्त महिला सिपाही ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

- सिटी थाना पुलिस ने बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में पुलिस कार्यवाही से क्षुब्ध बर्खास्त को चुकी पुलिस कांस्टेबल ने वीरवार सायं जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी हालात ठीक बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद सिटी थाना पुलिस और डायल 112 की टीम आ गई थी। इस मामले को लेकर सिटी थाना पुलिस ने बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। कैथल के एक गांव की युवती की शिकायत पर पांच जून 2025 को कैथल के एक गांव के संजय के खिलाफ महिला थाना में दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाए गए थे कि संजय ने उसे शहर के अलग-अलग होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। युवती करीब तीन सालों से संजय के साथ लिव इन में रह रही थी। महिला थाना पुलिस ने 11 जून को आरोपित संजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया जा रहा है कि युवती आरोपित संजय की मां को भी गिरफ्तार करवाने की मांग कर रही थी। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर ही युवती ने ऐसा कदम उठाया है। दूसरे के स्थान पर पेपर देते पकड़ी गई थी।

## खबर संक्षेप

### शराब ठेकेदार पर हमले का प्रयास, मामला दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब से हरनामपुरा रोड पर बीती रात शराब ठेकेदार पर दो गाड़ियों में सवार युवकों ने हमला करने की कोशिश की। गढ़ी थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखां निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पीके नाम से वाइन फर्म है। जोन 30 तथा 21 उसकी फर्म के नाम है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव ईक्कस से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ईक्कस निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी 1158 वें दिन भी जारी रहा। मा.बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते बताया कि भारत की पहचान वसुधैव कुटुमक्म की थी और मोदी की सरकार ने आते ही विदेश नीति को नेबरहुड फस्ट का नारा दिया था परन्तु मोदी ने तुलनात्मक रूप से खुले लोकतंत्र आजाद मीडिया और प्रेस अभिव्यक्ति की संवैधानिक गारंटी तथा सभी समुदायों में सौहार्द सांप्रदायिक सदभाव को भुला दिया।

### विधायक-सासदों को ज्ञापन भेजेंगे कर्मी

**जींद।** जियो फेंसिंग उपस्थिति के विरोध में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो,स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा राज्य के सभी सांसदों व विधायकों को ज्ञापन भेजे जाएंगे। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो की प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, उप प्रधान सुदेश कुमारी ने बताया कि इससे पहले 15 से 25 जून तक राज्य के सभी सिविल सर्जनों कार्यालय पर रोष सभाएं करके सरकार को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं।

### भाकियू का संगठनात्मक समीक्षा सम्मेलन कल

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में आने वाली 22 जून को 10 बजे जींद में एक दिवसीय संगठनात्मक समीक्षा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर के पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ता शिरकत करेगें। सम्मेलन का आयोजन जींद की शिव कालोनी स्थित किसान भवन में होगा। भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने बताया कि सम्मेलन में कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा सभी जिलों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### जिला जूनियर रग्बी टीम का चयन कल होगा

**जींद।** जींद रग्बी संघ के कोषाध्यक्ष सुशील ढांडा ने बताया कि जिले की जूनियर वर्ग की लड़कों व लड़कियों की टीम का चयन 22 जून को रॉयल स्पोट्र्स अकादमी पांडू पिंडारा में होगा। सुरेश अहलावत ने बताया कि 2007, 2008 व 2009 में जन्मे खिलाड़ी इस जिला स्तरीय ट्रायल में भाग ले सकते हैं। ट्रायल में 12 लड़कों व 12 लड़कियों का चयन होगा जो 24 जून को होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### अनुभवी स्वास्थ्य मित्रों के संगठन का सम्मेलन

**नरवाना।** नरवाना में शुक्रवार को जिला जींद अनुभवी स्वास्थ्य मित्रों के संगठन का सम्मेलन अध्यक्ष सुरेश मलिक द्वारा आयोजित किया जिसमें विशेष तौर से फतेहाबाद, टोहाना, उचाना, यमुनानगर से आरएमपी स्वास्थ्य मित्रों ने भाग लिया। जिला स्तरीय सम्मेलन में लगभग 200 से 250 स्वास्थ्य मित्रों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने संबोधित करते संगठन को मजबूत बनाने के लिए जोर दिया।

---

पाइप लाइन दबाने के लिए उखाड़ी थी, विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी

# श्याम नगरवासी नारकीय जीवन जीने को मंजूर, गलियां उखाड़कर बनाई नहीं

## बारिश का पानी जमा, बीमारी फैलने का बना खतरा, कालोनीवासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्याम नगर के लोग इन दिनों नारकीय जीवन जीने को मंजूर हैं। कालोनी में पाइप लाइन दबाने के लिए गलियों को उखाड़ तो दिया गया लेकिन इन गलियों को दोबारा नही बनाया। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद यहां हालात बद से बदतर हो गए हैं। कालोनी में रह रहे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। कालोनी के लोगों ने पब्लिक हैल्थ विभाग के एसई के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कालोनीवासियों ने चेताया कि जल्द ही कालोनी की गलियों को ठीक नही किया गया तो वो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। श्याम नगर कालोनी के लोगों ने एसई के खिलाफ नारेबाजी की व विरोध प्रदर्शन किया। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि श्याम नगर के कालोनीवासी नरक से भी बदतर जिंदगी जी रहे हैं। जिसके जिम्मेदार पब्लिक हेल्थ के अधिकारी व ठेकेदार हैं। इन्होंने सीवरेज की पाइप लाइन दबाने के नाम पर पूरी गली को उखाड़ कर रख दिया तथा ना तो गली को दोबारा बनाया और न ही सीवरेज की पाइप लाइन के कनैक्शन किए।




जींद। कालोनी की दुर्दशा व्यक्त करते गलियां। फोटो :हरिभूमि

### करवाया जाएगा समाधान

*जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कर्मवीर ने बताया कि श्याम नगर में अगर सीवरेज कनेक्शन को लेकर कोई समस्या है तो इसका पता किया जाएगा। अगर कनेक्शन नहीं हुए हैं तो वह करवा दिए जाएंगे। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।*

जिसके चलते पूरी गली बैठ गई और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों के कारण एक बच्चा चोटिल भी हो चुका है। ज्यादातर कालोनी वासी इसी गली से होकर जाते हैं और बच्चे भी स्कूल इसी गली से होकर जाते हैं। अगर जल्द ही इसका समाधान नही हुआ तो किसी को भी जान व माल की हानि या कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों व ठेकेदारों की होगी। अगर विभाग इसके ऊपर जल्द से जल्द कोई कार्यवाही नही करता तो इनके खिलाफ बड़ा आंदोलन करके पब्लिक हैल्थ विभाग पर ताला लगाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द यहां सीवरेज की पाइप लाइन के कनैक्शन किए जाएं व तोड़ी गलियों को पक्का किया जाए। इस मौके पर रामफल, अंगद, सुल्तान, राजा, विनय, रवि, ओमपति, संतोष, मंगल,नारो, नरसी, राजू, रामकिशन, राजकुमार, अनिल, राजेश, विनोद, बबलू, कमल, पुष्पा, शीला, विजय, दीपक, संदीप, सोनू, सुनील, नसीब आदि कालोनीवासी मौजूद रहे।



जींद। रोष व्यक्त करते कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डा. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल और स्वर्णिम : डा. राज सैनी

- पिंडारा मंडल की कार्यशाला के तहत गांव कंडेला में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल और स्वर्णिम रहा है व इस कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को आने वाली पीढ़ी याद रखेगी। इस कार्य काल को इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी शुक्रवार को पिंडारा मंडल की कार्यशाला के तहत गांव कंडेला में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। मंडल कार्यशाला में पिंडारा मंडल अध्यक्ष कृष्ण रेढू द्वारा डा. राज सैनी को बुक्का देकर स्वागत किया गया। कार्यशाला को शुरू करने से पहले डा. राज सैनी ने कंडेला गांव के दादाखेड़ा पर पूजा अर्चना की। इस दौरान डा. राज सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताई। उनहोंने किसान निधि योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अटल पेंशन योजना के साथ अनेकों प्रकार की योजनाएं हैं, जिनको नरेंद्र मोदी ने धरातल पर जन-जन तक पहुंचाया है। इसके साथ ही चाहे राम मंदिर निर्माण की बात हो, चाहे धारा 370 खत्म करने की बात हो, चाहे तीन तलाक की बात हो, चाहे नेशनल हाइवे निर्माण की बात हो, चाहे किसान हित में सरकार द्वारा एमएसपी लागू करने का फैसला हो। बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण को लेकर अनेकों कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विश्व पटल पर भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

### सरकार ने जारी

डा. राज सैनी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो कई बार आपातकाल लागू किया गया। देश में कई जगहों पर राष्ट्रपति शासन लागू करके जुल्म किए गए। इस कार्यक्रम में बतौर वक्ता भारत भूषण टाक और नरेंद्र पहल मौजूद रहे और भाजपा कार्यकर्ताओं को बताया कि नरेंद्र मोदी और नायब सरकार धरातल पर कार्य करती है और पहले की सरकार केवल जुमलो के साथ सरकार चलाती थी। इस दौरान नरेश कुमार, गीता कंडेला, महावीर, पाला, अजमेर, सुरेंद्र खोखरी, राकेश इंदौरा, आशीष जिंदल, कश्मीर, राजा राम, बलवान के साथ अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# सर्वजातीय महापंचायत कल होगी

- हिंदू मैरिट एक्ट में संशोधन को लेकर प्रदेशभर के सरपंच एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हिंदू मैरिट एक्ट में संशोधन को लेकर प्रदेशभर के सरपंच एकजुट हो गए हैं। सरपंच एसो हरियाणा ने समगोत्र में शादी और सहमति संबंध जैसे आ रहे मामलों पर रोक लगाने की सरकार से मांग उठाई है। ऐसे ही सामाजिक मुद्दों को लेकर 22 जून को उचाना की कपास मंडी में सर्वजातीय महापंचायत बुलाई है। प्रदेशभर से खाप, सरपंच के अलावा सामाजिक महिलाएं और पुरुष भारी संख्या में शामिल होंगे। शुक्रवार को सरपंच एसो के प्रदेशाध्यक्ष ने रणवीर सिंह समैण ने हैबतपुर के ग्राम सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने तीन तलाक को पर प्रतिबंध लगा कर अच्छा कदम उठाया है। इसी प्रकार उसे हिंदू विवाह अधिनियम में भी संशोधन करते एक गांव में शादी और सहमति संबंध पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए। कहा कि इन्हीं मामलों को लेकर 22 जून को उचाना में सर्व समाज की महापंचायत बुलाई है। महापंचायत में हाईकोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों को भी बुलाया गया है ताकि वह कानून के नजरिए से इस बारे में विचार किया जा सके। कहना था कि सरपंच का काम केवल गांव को देखना नही है बल्कि समाज के सुधार की दिशा में भी काम करना उसका दायित्व है। एक ही गांव में शादी होने से बड़ी समस्या पैदा हो रही है। आपसी सहमति संबध कानून के चलते बहुत हत्याकांड हो रहे हैं। ऐसे में कानून में बदलाव किया जाना बहुत जरूरी है। कहा कि समाज में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है और जब भी मौका मिले इसमें सुधार करना चाहिए ताकि समाज निरंतर आगे बढ़ सके। जुलाना के सरपंच नरेश भुक्कल, कुलदीप मलिक पिंडारा, रामप्रसाद अशरफगढ़ सूरज जीतगढ़, रिषिपाल हैबतपुर भी मौजूद रहे।

# २०६५ शिक्षकों ने सीखी नई तकनीक : वशिष्ठ

- जिले के सभी पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणों का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्राथमिक शिक्षकों को सर्टिफिकेट देते हुए। फोटो :हरिभूमि

खंड जींद के पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र, जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ व खंड शिक्षा अधिकारी जींद राजपाल देशवाल ने सर्टिफिकेट वितरित किए ओर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण मे सीखी गई विधाओं को अपने कक्षा कक्ष में लागू करने बारे कहा। सभी शिक्षकों ने पूर्ण आश्वासन दिलाया कि वे स्कूल खुलते ही इस प्रशिक्षण मे सीखी गई गतिविधियों से अपनी कक्षा के बच्चों का सर्वांगीण विकास करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी ने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं सं या ज्ञान के अंतर्गत पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत करवाना है। शिक्षक गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों को अपनाएं ओर कक्षा मे रोचक तरीके से पढ़ाएं। शिक्षकों को बाल केंद्रित शिक्षण विधियों, खेल-खेल में सीखने के तरीके, मूल्यांकन की नवीन तकनीकों से अवगत करवाया जा रहा है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने प्रशिक्षण को बच्चों के लिए लाभदायक बताते हुए जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण नई पाठ्य पुस्तकों, वर्कबुक ओर विभाग की ओर से दी गई शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग पर केंद्रित है। प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। खंड शिक्षा अधिकारी जींद राजपाल देशवाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य है की हर बच्चा कक्षा तीन तक पढने, लिखने ओर गणित के बुनियादी कौशल में निपुण हों। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया की जिले के सभी सातों खंडों मे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे इस जिले के व अन्य 17 जिलों से 2065 प्राथमिक शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षण की नई नई गतिविधियों को सीखा।

---




जींद। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ को लेकर शपथ लेते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### बेटी जीवन का आधार

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के सब सेंटर निर्जन के गांव लखमीरवाला में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का आयोजन सब सेंटर निर्जन की स्वास्थ्य टीम जिसमें स्वास्थ्य सुपरवाजर सुरेश कुमार, स्वास्थ्य कर्मी प्रमोद कुमार, सुमन रानी, रेखा कौशिक रहे। रैली में लोगों को कन्या भ्रूण हत्या, गर्भ में लिंग जांच, बेटियों के प्रति घृणा न रखने बारे शपथ दिलाई। सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को पीएनडीटी एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की यदि बेटियों की संख्या कम हो जाती है तो सामाजिक ताना बाना में विकृति आ जाती है। जिसके परिणाम स्वरूप बालिक लड़कों की शादियां नहीं हो पाती। एक बेटी दो घरों को रोशन करती है। सुमन व रेखा कौशिक ने संयुक्त ब्यान में बताया कि हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करकें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करना चाहिए। हमें यह कहने में संकोच नही करना चाहिए कि बेटी ही सृष्टि का सृजन करती है। क्योंकि एक बेटी ही मां बनकर संतान पैदा करती है।

# अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान गांव में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मलेरिया रोधी माह मनाया गया। जिसके तहत गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाएं कर मलेरिया बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के उपाय बताए गए। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने कहा कि हर वर्ष जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि जुलाई माह से वर्षा शुरू हो जाती है। जिससे कि मच्छर पनपने के साथ ही मलेरिया सीजन भी शुरू हो जाता है। अतः मलेरिया की रोकथाम हेतु जून माह से ही आवश्यक कदम उठाए जाने जरूरी हैं। मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है मलेरिया बुखार के लक्षण बताते कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी ने हो।



जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। भ्रमण करते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### महिलाओं को करवाया भ्रमण

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा ने महिलाओं के लिए गाँव बधाना में 3 दिन का पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से डा राजेन्द्र श्योकंद एडॉ सूबा सिंह श्योकंद व राजेश कुमार उपस्थित रहे । पशुपालन के बारे में व पशुओं की देख.रेख व पशुओं की बिमारियों व दवाईयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही दुसरे दिन डा राजेन्द्र श्योकंद द्वारा किसानो को पशुओं की प्रजातिया एवं कृत्रिम गर्भादान के बारे में बताया गया और समापन समारोह के अंतिम दिन डॉ सूबा सिंह श्योकंद के द्वारा पशुओं की प्रजनन सम्बन्धित समस्या के बारे में महिलाओं को अवगत कराया गया और गाँव नेपेवाला में चौधरी फ़तेह मिल्क प्लांट का भ्रमण करवाया गया । भ्रमण के दौरान श्री मंजीत सिंह ने महिलाओं को मिल्क प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया की महिलाए कैसे छोटे स्तर पर अपना रोजगार शुरू कर सकती हैं और अपनी आमदनी बड़ा सकती हैं द्य इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को स्वयं के रोजगार के बारे में जागरूक करना था।



नरवाना। योग करते ब्रह्माकुमारी। फोटो :हरिभूमि

### योगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** ओम शांति कॉलोनी स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र पर योगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्षा सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमाए बीके रेणु एवं बीके पूजा ने मुख्य अतिथि दंपति सुशीला शर्मा एवं एडवोकेट राजेश शर्मा को पौधा भेंट करके स्वागत किया एवं सौगात देकर सम्मानित किया। पूर्व मंडी प्रधान एवं समाजसेवी राजेश शर्माए डॉ साधुराम शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने अपने संबोधन में योगा दिवस से हुए लाभ पर प्रकाश डाला और कहा कि योगा दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम योगा एवं मेडिटेशन को दैनिक जीवन में अपनाकर तन और मन को स्वस्थ बनाएंगे। बीके हिमांशीए महक एवं हितेन दीवान द्वारा परमात्मा की याद में करवाए गए प्राणायाम एवं म्यूजिकल व्यायाम से सभी श्रोता गण खुशी से गदगद हो गए। मुख्यातिथि राजेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि मेडिटेशन द्वारा मन को एकाग्र एवं शक्तिशाली बनाने के लिए ब्रह्मा कुमारीज ने दुनिया भर में पिछले 87 वर्षों से निःशुल्क अभियान चलाया हुआ है जो सराहनीय है।

---

राहत | कामकाजी महिला छात्रावास का होगा जीर्णोद्धार, होंगे सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

# छात्रावास की सुविधा से कामकाजी महिलाओं को रहने की मिलेगी उचित व्यवस्था : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों रोड स्थित कामकाजी महिला छात्रावास वर्तमान में जर्जर हालत में है। इस छात्रावास का दोबारा से जीर्णोद्धार किया जाएगा। छात्रावास की सुविधा से कामकाजी महिलाओं को रहने की उचित व्यवस्था होगी। इतना ही नहीं इस छात्रावास के जीर्णोद्धार के बाद वहां पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करवाए जाएंगे। जीर्णोद्धार कार्य के लिए एडीसी की अध्यक्षता में होगी कमेटी गठित जीर्णोद्धार कार्य को पूरा करने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता, रेडक्रॉस सचिव व अन्य अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। पहले फेज का नियमानुसार अस्टीमेट बनाकर जल्द कार्य शुरू किया जाए। नगर परिषद इस परिसर में साफ.-सफाई का कार्य करना सुनिश्चित होगा। एडीसी ने किया कामकाजी महिला छात्रावास का निरीक्षणः एडीसी विवेक आर्य ने कामकाजी महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास की साफ.-सफाई के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को कहा कि यह छात्रावास जर्जर हालत में है। इसको जल्द से जल्द दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करें।



जींद। निरीक्षण करते हुए एडीसी विवेक आर्य। फोटो :हरिभूमि

### महिलाओं को होगा लाभ : इमरान

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि इस छात्रावास से कामकाजी महिला को बहुत ही लाभ मिलेगा और यह कार्य सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ है। रेडक्रॉस के साथ इस छात्रावास में जितनी भी स्वयं सेवी संस्थाएं जुड़ी है, वे सब भी आगे आकर जीर्णोद्धार के कार्य में अपना पूरा सहयोग दें। इस संस्थान को शुरू करवाना प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल करके तेज गति से कार्य पूरा करें ताकि इसका लाभ महिलाओं को मिल सके।

## खबर संक्षेप

### चुनाव से जुड़े अधिकारियों कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**कैथल।** गुहला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रैंस हॉल में निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों, सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा विस स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त सभी बीएलओ व सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ के कर्तव्य, उनके कार्य व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

### इंडस स्कूल के 21 छात्रों ने पास की नीट परीक्षा

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के 21 होनहार विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रों की सफलता पर स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी आने वाले समय में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम योगदान देंगे और समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी इन 21 विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पायलट की रिहर्सल

# योग साधकों, स्कूली बच्चों, कर्मियों के अधिकारियों ने उत्साह से की रिहर्सल

जींद, नरवाना, जुलाना, राजौंद में की रिहर्सल, विशेषज्ञों ने परखी योग की तैयारियों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। सीआरएसयू में योग की पायलट रिहर्सल में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि।


नरवाना। योग की रिहर्सल करते योग साधक। फोटो: हरिभूमि।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और कहा कि योग केवल आसन करने का नाम नही बल्कि यह शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है। योग का अर्थ है जोड़ अर्थात आत्मा का परमात्मा से मिलन। यह केवल काया को स्वस्थ रखने का माध्यम नही बल्कि मन को शांत करनेए जीवन में संतुलन लाने और समाज में अपने कर्तव्यों को पूर्ण मनोयोग से निभाने का आधार है। उन्होंने कहा कि बलवान शरीर और संतुलित मन के बिना हम समाज में अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन नहीं कर सकते। एडीसी आर्य ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने घर, आंगन, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, चौपालों एवं संस्थानों में सामूहिक रूप से योग साधना करें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी खंड स्तरों पर भी योग दिवस का आयोजन प्रशासनिक निगरानी में किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने महर्षि पतंजलि द्वारा वर्णित योग के आठ अंगों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के बारे मे बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति यम-नियम व आसनों को अपने जीवन का हिस्सा बना लेता हए तो आत्मिक संतोष स्वयं ही प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि योग हमें हर कार्य में ध्यान और दक्षता के साथ कार्य करना सिखाता है यही असली ध्यान और कौशल है। योग प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों जैसे उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास करवाया। साथ ही कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान भी करवाया गया। प्रशिक्षकों ने अभ्यासों के शारीरिक, मानसिक और आंतरिक लाभों की भी वैज्ञानिक आधारों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेन्द्र कुमार, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिला, सीडीपीओ सीमा रोहिल्ला, डा. योगेश, गोविंदा मौजूद रहे।

### नरवाना में हुई योग की पायलट रिहर्सल, तहसीलदार भी हुए शामिल

**नरवाना।** शुक्रवार को आयोजित पायलट रिहर्सल में नायब तहसीलदार रणबीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयुष विभाग के सौजन्य से करवाई गई इस पायलट रिहर्सल में योग प्रशिक्षकों ने मौजूद योग अभ्यर्थियों को योग करवाया। नायब तहसीलदार ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ मानव जीवन के लिए नियमित योग अत्यंत जरूरी है। योग प्राचीन पद्धति है और इसे अपनाकर मनुष्य मानसिकए शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से हमेशा संतुलित रहता है और शारीरिक कमजोरी की वजह से आने वाली अनेक बीमारियों पर काबू पा सकता है। उन्होंने बताया कि निरोगी जीवन जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति विशेष कर युवा पीढ़ी को योग को अपनी दैनिक जीवन क्रिया का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि 21 जून यानी शनिवार को उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य अकादमी के वाइस चेयरमैन कुलदीप अग्निहोत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। नायब तहसीलदार ने क्षेत्र वासियों विशेष कर युवा छात्र एवं छात्राओं से बढ़.चढ़ कर इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा ताकि योग दिवस को उपमंडल स्तर पर धूमधाम से मनाया जा सके। 21 जून को आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम का समय प्रातः 6रू00 बजे से प्रात 8रू00 बजे तक होगा। पायलट रिहर्सल कार्यक्रम में आयुष नोडल अधिकारी डॉ भरत कौशिकए डॉक्टर नीरू शर्माए डॉक्टर सुमन कौशिकए डॉक्टर कौशल्याए डॉक्टर गीता फार्मासिस्ट अनुज कुमारए जयपालए योग सहायक प्रदीप कुमारए प्रमिला देवीए रानी देवी सहित अन्य अधिकारीए कर्मचारी एवं सैंकडो युवाओं ने भाग लिया।



### tअनाज मंडी में की पायलेट रिहर्सल

**जुलाना।** कस्बे की नई अनाजमंडी में योग दिवस को लेकर पायलेट रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ो लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि योग ना केवल शारारिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक विकास के लिए भी बहूत जरूरी है। शिविर में आयुष विभाग के बलराजए शर्मिला और ज्योति ने योग प्रॉटोकोल का अभ्यास करवाया। आयुष विभाग के अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। इस मौके पर बीडीपीओ प्रतीक जांगड़ा, नोडल अधिकारी शिवम गांधी, डा. दीक्षा, डा. सोनिया, अमित, सुनील और देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### चीका मंडी में की योग दिवस की पायलट रिहर्सल

**गुहला-चीका।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अनाज मंडी चीका में धूमधाम से मनाया जाएगा। योग दिवस मनाने का उद्देश्य मानव जन का शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। आज के व्यस्त तथा तनावपूर्ण जीवन में योग करना बेहद अनिवार्य है, जो हमारी दिनचर्या को सफल बनाता है तथा पूरे दिन हमें ऊर्जावान रखता है। उपमंडल स्तर पर अनाज मंडी चीका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों, महिलाओं, खिलाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगा यास किया। पाइलट रिर्हसल के दौरान भारतीय योग संस्थान चीका से डॉ विनोद गुप्ता ने सबसे पहले सभी को अनुशासन योग का अ यास करवाया। रिहर्सल के दौरान सभी को ताड़ासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, कपालभारती, अनुलोमविलोम सहित अनेक आसान करवाए गए। योग अ यास के दौरान डॉ. विनोद गुप्ता ने सभी को योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा हम सबको अपनी दिनचर्या का आरंभ योग से ही करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को सुबह कुछ समय योग के लिए निकालना चाहिए ताकि वे अपने शरीर व मन को तंदुरुस्त बनाए रखें। इस मौके पर एसडीओ इंद्रराज पंवार व राममेहर शर्मा, योग सहायक सुखदेव व संदीप, गुरमीत सीड़ा, डा. कमलेश उपस्थित रहे।



# योग जीवन का आधार ,योग करने से जीवन निरोग : सुरेश सिंगला

- उपस्थित लोगों को जीवन में योग अपनाने की दिलवाई शपथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। योग दिवस की रिहर्सल करवाते योग साधक। फोटो :हरिभूमि

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कैथल डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार, पुण्डरी की नई अनाज मंडी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बीईओ सुरेश सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरभ वत्स ने की। स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

योग अभ्यास सत्र में ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन एवं शीतली प्राणायाम का अभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश सिंगला ने स्वयं योग साधकों के साथ योग कर उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि योग जीवन का आधार है। योग करने से जीवन निरोग होता है। सभी को चाहिए कि योग को दैनिक जीवन में अपनाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों को योगयुक्त-नशामुक्त हरियाणा/" की शपथ भी दिलाई।

# प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्त होंगे जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज प्रदेशाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि जल्द ही हरियाणा के सभी 22 जिलों का संगठनात्मक पुनर्गठन किया जाएगा। एक सप्ताह में प्रदेश के सभी 22 जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। डा. राजकुमार गोयल ने आज यहां यह घोषणा की। इस अवसर पर सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, दीपक जैन, मनीष गर्ग, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल, राजेश गोयल, बजरंग सिंगला, जय भगवान सिंगला, सुशील सिंगला इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आगामी 7 सितम्बर को जीन्द में राज्यस्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह होगा। जिसमें जीन्द में उत्तर भारत स्तर का ऐतिहासिक विवाह योग्य परिचय सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन आज तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। सम्मेलन में हजारों की तादाद में अग्र बंधु उपस्थित होंगे। इस सम्मेलन में देश-प्रदेश से अग्रवाल समाज के दर्जनों राष्ट्रीय नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों का परिचय करवाना, समाज में रिश्तों के संजाल को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को एक मजबूत वैवाहिक मंच उपलब्ध करवाया जाएगा।

# अब तक समाधान शिविर में 9388 में से 7855 शिकायतों का निपटारा

- समीक्षा बैठक में जन शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान प्रकोष्ठ में प्राप्त नागरिक शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएं। डीसी ने विभागवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सराहना की कि अधिकांश शिकायतों का समयबद्ध रूप से समाधान किया जा चुका है और शेष शिकायतों पर भी पूरी सक्रियता से कार्यवाही चल रही है। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित किया कि वे शेष मामलों को भी शीघ्र समाधान की ओर अग्रसर करें ताकि जिले में जनसंतोष और प्रशासनिक दक्षता बनी रहे। इससे पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सभी उपायुक्तों के साथ साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।

# कुटिया में सिद्ध योगी बाबा ऋषि नाथ की पुण्य तिथि पर भंडारा

- सुबह हवन के साथ की कार्यक्रम की शुरूआत, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। वार्ड नंबर 3 में स्थित बाबा ऋषि नाथ के मंदिर में भंडारे के दौरान। फोटो :हरिभूमि

राजौंद के असंध रोड से पुरानी अनाज मंडी में स्थित बाबा ऋषि नाथ की कुटिया में सिद्ध योगी बाबा ऋषि नाथ की पुण्य तिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। महंत बाबा मुकेश नाथ,शिव नाथ शंकर नाथ ने बताया कि सुबह विधिवत रूप से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आस्था दिखाई। उन्होंने बताया कि आज भी सच्चे मन से ध्यान करके मांगी गई मुराद को बाबा जी अवश्य ही पूरा करते है। बाबा ऋषि नाथ के स्थान से अब तक कई लोग मन्नतें मांगकर अपना जीवन सुधार चुके है। हर वर्ष लगने वाले इस भंडारे में पूरे नगर खेड़े का भरपूर सहयोग मिलता है। लोगों के सहयोग के साथ ही इस भंडारे में सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करते है। इस दौरान पप्पू राणा, पाला राम, अजीत कुमार मिस्त्री, मनजीत उर्फ काली, श्याम राणा, दलबीर राणा, जसपाल राणा, कृष्ण, राजेश कुमार मौजूद रहे।

# न्यूनतम वेतन रिवाइज करने की मांग को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन

- उपायुक्त के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के आह्वान पर शुक्रवार को न्यूनतम वेतन रिवाइज करके 26 हजार रुपये लागू करने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। बाद में मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपप्रधान रमेश चंद्र, कपूर सिंह ने कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार ने पिछले दस साल से न्यूनतम वेतन रिवाइज नही किया है। जबकि नियम के हिसाब से हर पांच साल में न्यूनतम वेतन को रिवाइज किया जाना चाहिए। वेतन रिवाइज करने में हो रही देरी के खिलाफ मजदूरों में व्याप्त रोष है। इसलिए प्रदेश भर में मजदूर, कच्चे कर्मचारी, मनरेगा और भट्ठा मजदूर तथा स्कीम वर्कर्स प्रदेशभर में प्रदर्शन कर सड़कों पर उतर कर सरकार को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम वेतन रिवाइज न करके पिछले 10 साल से प्रदेश के लाखों मजदूरों को करोड़ों रुपये की मजदूरी का नुकसान हुआ है। यदि 2014 व 2020 में न्यूनतम वेतन रिवाइज किया जाए।

# साइबर ठगी: झूठे चालान का लिंक, असली ठगी का जाल

- जींद पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ एडवायजरी, सतर्क रहने का आह्वान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


एसपी कुलदीप सिंह

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा-निर्देश की पालना में जींद पुलिस द्वारा समय-समय पर साइबर फ्रॉड बारे जागरूकता एडवायजरी व जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इंचार्ज साइबर सेल उपनिरीक्षक अनमोल ने बताया के आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ठगी का एक नया और अत्यंत खतरनाक तरीका अपनाया है। जिसमें लोगों को फर्जी ट्रैफिक चालान के बहाने झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से बड़ी राशि ठगी जा रही है। हाल ही में साइबर सेल ने ऐसे कई मामलों का संज्ञान लिया है। जिनमें एसएमएस, वहाट्सअप या ईमेल के माध्यम से एक लिंक भेजा गया। इस लिंक में लिखा होता है कि उनका ट्रैफिक चालान बकाया है और उसे शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी जाती है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, वह एक नकली सरकारी पोर्टल जैसी वेबसाइट पर पहुंच जाता है। जहां चालान भरने के लिए यूपीआई या बैंक डिटेल्स दर्ज करने को कहा जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान कई बार पीड़ित के मोबाइल फोन में एनीडेस्क, क्यूंकिस्पोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस ऐप्स इंस्टॉल हो जाते हैं।

# योग दिवस की फाइनल रिहर्सल, 21 को सुबह 6 से 8 बजे तक कार्यक्रम

- केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। अनाज मंडी में पायलट रिहर्सल के दौरान योग करते योगार्थी।

शुक्रवार को अनाज मंडी राजौंद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाने के लिए फाइनल रिहर्सल की गई। जिसमें राजौंद ब्लॉक के कर्मचारियों ने भाग लिया और इस फाइनल रिहर्सल को सफल बनाया। डॉ रमेश माथुर आयुष व शिक्षक सोहन पाल एजुकेशन डिपार्मेंट ने कहा की 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक योग दिवस बड़ी धूमधाम से खंड स्तर पर अनाज मंडी राजौंद में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम जीवन शैली और आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य उपहार है। आत्म संयम, संतुलन और चित्त की एकाग्रता से शुरू हुआ यह अभ्यास आज न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का माध्यम बन गया है। योग स्वास्थ्य के साथ-साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। यौगिक अभ्यास में स्कंद संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, अर्ध-हलासन, पवनमुक्तासन का अभ्यास किया।

### जिले में जल सहेलियां कर रहीं बेहतरीन कार्य, केंद्र ने भी सराहा

# जल संरक्षण को गंभीरता से काम करें सभी विभाग

- जल शक्ति अभियान की टीम ने की प्री-मानसून विजिट की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जल शक्ति अभियान के तहत जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। वन विभाग के सहयोग से जिला में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं तथा उनकी देखभाल भी अच्छे तरीके से की जाए। दौरे के दौरान गांव में मिले सुझाव के तहत जिला में मुख्यालय स्तर पर एक ऐसा प्रस्ताव भी भेजा जाए, जिसमें किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन देते समय कुछ पौधे लगाने अनिवार्य किए जाएं। ग्रे वॉटर को उपयोग में लाने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी कोई प्लान तैयार किया जाए। जल संरक्षण को लेकर सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर गंभीरता से कार्य करें। नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा शुक्रवार को अपने दौरे के तीसरे दिन लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में जल शक्ति अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जल सहेली तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से जल संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि हमें सभी को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना है। इसमें आमजन की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर नल में जल पहुंचाया जा रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी ध्यान रखें कि पानी की गुणवत्ता अच्छी हो। इसके अलावा वाटर टेस्टिंग किट का उपयोग कैसे किया जाना है, इसकी भी पूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि सही डाटा मिल सके।

**कार्रवाई की गई**

इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह, बीडीपीओ नेहा शर्मा, अन्नू टोंक, जगजीत सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ गोपाल वैध, जिला सलाहकार दीपक कुमार के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।